# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 के आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने से संबंधित आवश्यक सूचना**

## विज्ञप्ति संख्या – 46/2025

एतद् द्वारा वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होनेवाले छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों, संबंधित संस्थान के प्रधानों एवं पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से संबंधित परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के वेबसाईट www.jac.jharkhand.gov.in के Exam Form Portal Section के माध्यम से निम्नवत् कार्यक्रम के अनुसार ऑनलाइन स्वीकार किया जायेगा :–

| क्र0 सं0 | परीक्षा का नाम, जिसके लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र स्वीकार किया जाना है। | शुल्क विवरणी | परीक्षा आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने एवं चालान जेनरेट करने की तिथि | Online या RTGS के माध्यम से शुल्क जमा करने अन्तिम की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2026 के लिए | विलम्ब शुल्क रहित | दिनांक 18.11.2025 से 05.12.2025 तक | दिनांक 08.12.2025 तक |
| | | विलम्ब शुल्क सहित | दिनांक 06.12.2025 से 12.12.2025 तक | दिनांक 15.12.2025 तक |
| 02. | वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 के लिए | विलम्ब शुल्क रहित | दिनांक 18.11.2025 से 05.12.2025 तक | दिनांक 08.12.2025 तक |
| | | विलम्ब शुल्क सहित | दिनांक 06.12.2025 से 12.12.2025 तक | दिनांक 15.12.2025 तक |

ऐसा देखा जाता है कि पोर्टल प्रारम्भ होने के बाद छात्रों से परीक्षा आवेदन प्रपत्र भराया जाता है और भरा हुआ परीक्षा आवेदन प्रपत्र छात्रों से प्राप्त करने में विलम्ब होती है। विलम्ब होने की स्थिति में संस्थान द्वारा काफी हड़बड़ी में पोर्टल पर परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरा जाता है। जिससे कई त्रुटियाँ सामने आती है और आवेदन प्रपत्र भरने से छूटने की भी समस्या देखी गई है। इन्हीं सभी कारणों से छात्रहित में परिषद् द्वारा परीक्षा आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने से संबंधित पोर्टल प्रारम्भ करने के पूर्व परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् के पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। ताकि ससमय भरा हुआ परीक्षा आवेदन प्रपत्र छात्रों से प्राप्त कर छात्र से संबंधित संस्थान स्तर पर उपलब्ध डाटा/LOS से इसका मिलान किया जा सके। सभी संस्थान प्रधानों से अनुरोध है कि :–

- उक्त परीक्षा आवेदन प्रपत्र को डाउनलोड कर संबंधित छात्र/छात्राओं को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।
- परीक्षा में सम्मिलित होनेवाले छात्र/छात्राओं का LOS (List of Students) तैयार कर लिया जाय।
- भरे हुए परीक्षा आवेदन प्रपत्र छात्र/छात्राओं से प्राप्त कर तैयार किए गए LOS से मिलान कर लिया जाय। ताकि छूटे छात्र/छात्राओं के संबंध में वास्तविक स्थिति ज्ञात हो सके।
- परीक्षा आवेदन प्रपत्र छात्रों के पंजीयन संख्या के अनुरुप स्वीकार की जाती है। कई ऐसे मामलों में देखा गया है कि संस्थान द्वारा दूसरे छात्र का पंजीयन संख्या पोर्टल में भरकर परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा कर दिया जाता है और परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने वाले वास्तविक छात्र परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने से वंचित हो जाते हैं और इसका ज्ञान उन्हें परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत होने के बाद होता है। फलतः उनके द्वारा परिषद् कार्यालय में परीक्षा आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने हेतु अनुरोध किया जाता है। संस्थान की ऐसी चूक से संबंधित छात्र का एक शैक्षणिक वर्ष बर्बाद हो जाता है। अतः परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने के लिए सही–सही पंजीयन संख्या का उपयोग करना सुनिश्चित किया जाय।

**नोट :– दिनांक 17.11.2025 से परिषद् पोर्टल पर परीक्षा आवेदन प्रपत्र स्वीकार करने से संबंधित आवश्यक दिशा–निदेश एवं शुल्क विवरणी उपलब्ध होगा। जिसका अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय।**

अध्यक्ष के आदेश से,

JAC/Gop/6059/25/Secy/1065/25
Dated – 07.11.2025

ह0/–
(जयन्त कुमार मिश्र)
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।